हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वालों के ...



13 खैरा स्कूल के दो छात्रों का नवोदय और प्रयास..





## खबर संक्षेप

### राज्य खेल अलंकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन 5 अगस्त तक

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025–26 के उत्कृष्ट खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इसके अंतर्गत शहीद राजीव पांडे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, पंकज विक्रम सम्मान, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद विनोद चैबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि पुरस्कार तथा खेलवृत्ति (डाइटमनी) हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं पात्र खिलाड़ी गत वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के अपनी खेल उपलब्धियों के आधार पर 05 अगस्त तक वेबसाईट पर आवेदन कर सकते हैं। जबकि नगद राशि पुरस्कार एवं डाइटमनी के आवेदन सीधे संचालनालय, खेल संघों अथवा जिला कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

### आज से शुरू होगी राज्य ओपन स्कूल की संपर्क कक्षाएं

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की अगस्त 2026 मुख्य परीक्षा की तैयारियों को लेकर अध्ययन केंद्र क्रमांक 1904, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, संजयनगर डौंडीलोहारा में विभिन्न विषयों की संपर्क कक्षाओं का शुभारंभ 25 एवं 26 जुलाई से किया जा रहा है। कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से संचालित होंगी, जिसमें विषय विशेषज्ञ विद्यार्थियों को परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने अगस्त 2026 की परीक्षा के लिए आवेदन किया है, वे नियमित रूप से संपर्क कक्षाओं में उपस्थित होकर अध्ययन सामग्री, महत्वपूर्ण प्रश्नों की तैयारी, विषयवार शंकाओं का समाधान तथा परीक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इन कक्षाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर तैयारी कराकर उत्कृष्ट परिणाम दिलाना है।अध्ययन केंद्र के प्रभारी ने सभी पंजीकृत विद्यार्थियों से समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संपर्क कक्षाओं में अनुभवी शिक्षकों द्वारा परीक्षा की रणनीति, उत्तर लेखन की विधि एवं महत्वपूर्ण विषयों का विशेष अभ्यास कराया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। विद्यालय प्रबंधन ने सभी संबंधित विद्यार्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### ट्रेन में चढ़ते समय फिसलकर पटरी पर गिरने से अधिकारी की मौत

**भिलाई।** दुर्ग रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक रेल हादसे में ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक की मौत हो गई। ट्रेन में चढ़ने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वे पटरी पर गिर पड़े, जिससे उनका पैर कट गया और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीप कुमार सिन्हा (58 वर्ष) निवासी वार्ड-58, साईं मंदिर के पास, कर्मचारी नगर दुर्ग, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी में क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। उनका कार्यालय रायपुर में था और वे प्रतिदिन की तरह गुरुवार सुबह भी ट्रेन से रायपुर जाने के लिए दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि वे ट्रेन क्रमांक 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस में सवार होने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर उनका पैर फिसल गया और वे ट्रेन तथा प्लेटफॉर्म के बीच पटरी पर जा गिरे। हादसे में उनका दाहिना पैर कट गया।

# महतारी वंदन पौधारोपण अभियान 30 को, मिलेगा प्रमाण पत्र

## एक पेड़ मां के नाम लगाकर सेल्फी अपलोड करने पर मिलेगा प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिले में गुरूवार 30 जुलाई को वृहद पौधारोपण अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों की बैठक लेकर 30 जुलाई को आयोजित महतारी वंदन पौधारोपण अभियान के तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को जिले के महतारी वंदन योजना से लाभान्वित लगभग 02 लाख 45 हजार हितग्राहियों के अलावा अन्य सभी महिलाओं, बालिकाओं तथा जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों एवं समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर महतारी वंदन पौधारोपण अभियान के अंतर्गत महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों सहित सभी वर्गों के लोगों द्वारा अपने गांव, बाड़ी, खेत आंगनबाड़ी, पंचायत भवन एवं अन्य शासकीय भवनों तथा उपयुक्त स्थानों में एक पेड़ महतारी (मां) के नाम पर पौधारोपण किया जाएगा। ▶▶| शेष पेज 13 पर



### जगह निर्धारित करने की जानकारी दी

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को पौधरोपण के साथ–साथ उसके सुरक्षा की भी समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को पौधरोपण करने वाले सभी लोगों को 30 जुलाई को पौधरोपण के पश्चात रोपे गए पौधों के साथ सेल्फी लेकर लिंक पर अपलोड करने पर जिला प्रशासन द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान करने की भी जानकारी अनिवार्य रूप से देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को 26 जुलाई तक पौधारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप से गड्ढों की खुदाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना से लाभान्वित शहरी क्षेत्रें से लाभान्वित एवं अन्य लोगों के पास पौधारोपण हेतु अपने घर में स्थान नहीं होने पर उन्हें निर्धारित स्थानों पर पौधारोपण कराया जाएगा। उन्होंने जिला मुख्यालय बालोद के महिलाओं के पौधरोपण हेतु पर्यावरण पार्क बालोद में जगह निर्धारित करने की जानकारी दी।

**मांग :** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की मांग की

# ऑनलाइन सट्टा, नशे के कारोबार और चाकूबाजी के खिलाफ भाजयुमो मुखर, एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में ऑनलाइन सट्टा, नशे और चाकूबाजी पर सख्ती की मांग करते हुए भाजयुमो ने एसपी को ज्ञापन सौंपा। भाजयुमो ने ऑनलाइन बेटिंग, अवैध शराब, मादक पदाथोंर् की तस्करी और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग, युवाओं के भविष्य और कानून–व्यवस्था पर चिंता जताई।

जिले में ऑनलाइन सट्टा–पट्टी, जुआ, अवैध शराब, नशीले पदाथोंर् के कारोबार और बढ़ती चाकूबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री सौरभ लूनिया, भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजयुमो जिला बालोद के जिलाध्यक्ष एवं जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सभापति गुलशन कुमार साहू ने पुलिस अधीक्षक बालोद को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने जिले में संचालित अवैध गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई करने और कानून–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की मांग की है। ज्ञापन में जिला महामंत्री सौरभ लूनिया व गुलशन कुमार साहू ने कहा कि जिले में इन दिनों ऑनलाइन सट्टा–पट्टी और जुआ का अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है। विभिन्न मोबाइल एप, टेलीग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से युवाओं को इस नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म के जरिए भी जिले में सट्टेबाजी का संचालन किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि ऑनलाइन सट्टे के अलावा जिले में अवैध शराब की बिक्री, नशीली गोलियों, चिट्टा स्मैक, मादक पदार्थ, गांजा तथा अन्य नशीले पदाथोंर् का अवैध कारोबार भी लगातार बढ़ रहा है। इन गतिविधियों के कारण बड़ी संख्या में युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, जिससे उनका भविष्य प्रभावित होने के साथ–साथ परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति भी खराब हो रही है।



### भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा

जिला महामंत्री सौरभ लूनिया व भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने जिले में बढ़ती चाकूबाजी और असामाजिक तत्वों की सक्रियता पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लगातार सामने आ रही चाकूबाजी की घटनाओं से आम नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है। युवाओं में अपराध की बढ़ती प्रवृत्ति कानून–व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बनती जा रही है। गुलशन कुमार साहू ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि जिले में सक्रिय ऑनलाइन सट्टा–पट्टी गिरोहों, जुआ संचालकों, अवैध शराब माफियाओं, नशीले पदाथोंर् की तस्करी और बिक्री में संलिप्त लोगों तथा चाकूबाजी जैसी घटनाओं में शामिल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध व्यापक जांच कर कठोर एवं प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं, ताकि जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सके और युवाओं का भविष्य सुरक्षित बनाया जा सके।

# सड़कों पर बेमौत मर रही गौमाता ट्रक की टक्कर से 2 गायों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में लगातार घुमंतु मवेशी के खुन से सड़क लाल हो रही है। शहर के गंजपारा में दो गायों को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें दोनों गायों की मौत हो गई।

■ हादसों और लापरवाही से लहूलुहान हुईं सड़कें

हाल में घुमंतु मवेशी के सड़क हादसे के तीन मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें से दो मामले कुछ दिन पूर्व उमरादाह मार्ग पर व घोठिया मार्ग पर घट चुकी है, जहां सड़क पर बैठे मवेशी को ट्रक ने ठोकर मार दिया था, जिसमें दोनों मामले में दो गायों की मौत हो गई थी। वर्तमान में शहरों से लेकर ग्रामों में पशु पालक गायों को पालने के जगह उन्हें खुला छोड़ रहे हैं, जिसके कारण दिन ब दिन शहरों के साथ गांवों में भी घुमंतु गायों की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है, इस कारण मवेशी चारा के लिए भटकते दिख रहे हैं।

वहीं घुमंतु मवेशियों की संख्या बढ़ने के कारण वर्तमान में किसानों को अपनी फसल सुरक्षा की भी चिंता सताने लगी है, जहां फसल सुरक्षा के लिए किसान खेतों में जॉली तार व अन्य माध्यम अपनाते दिख रहे हैं। वहीं प्रशासन द्वारा मवेशी मालिकों के लिए बनाए गए नियम जमीनी स्तर पर लागू नहीं होने के कारण मवेशी मालिक रात के अंधेरे में अपने मवेशीयों को गाड़ियों में भरकर जंगल या अन्य दूसरे गांव छोड़ रहे हैं। इस कारण जिले में लगातार घुमंतु पशुओं की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। अगर जिला प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान देते हुए कठोर कदम नही उठाए गए तो बढ़ी संख्या में घुमंतु मवेशी सड़कों पर नजर आएंगे।

# युवाओं ने ली नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



शुक्रवार को नशा मुक्त युवा फांर विकसित भारत के तहत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में मेरा युवा भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आ यो जि त किया गया।

■ गुण्डरदेही में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

विधायक कुंवर सिंह निषाद, नगर पं चा य त अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष विजय सोनकर गुण्डरदेही सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि नशा युवाओं की प्रतिभा, स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित करता है। एक जागरूक और जिम्मेदार युवा ही विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आइए, हम सभी नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, समाज और देश को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लें। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि "बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारा युवा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के कायोंर् में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएगा। नशा केवल व्यक्ति का ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज का भविष्य प्रभावित करता है। कार्यक्रम प्रभारी क्षितिज ने बताया कि देश के युवाओं को नशामुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें विकसित भारत 2047 के निर्माण में सहभागी बनाना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान देशभर के 772 स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक युवाओं तक नशामुक्ति का संदेश पहुँच सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य एक ऐसे भारत का निर्माण करना है जहाँ युवा स्वस्थ, शिक्षित, आत्मनिर्भर और राष्ट्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएँ। कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक, लेखन, चित्रकला, कविता एवं नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों और नशामुक्त समाज के महत्व को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित नागरिकों ने नशामुक्त भारत एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा समाज में नशामुक्ति का व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बालोद भोजराज साहू, संजय साहू, शमशाद बेगम, डॉ.लीना साहू सहित जिले के विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

# दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुई बर्बरता का ब्लॉक कांग्रेस ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लॉक युवा कांग्रेस के नेतृत्व में नगर पंचायत पलारी में दिल्ली के जंतर–मंतर पर छात्रों के साथ हुई कथित बर्बरतापूर्ण कार्यवाही का ब्लॉक कांग्रेस ने विरोध किया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा की गई कथित कार्रवाई एवं गिरफ्तारी, राम मंदिर चढ़ावा चोरी

■ विरोध–प्रदर्शन में प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया

के आरोप तथा केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध–प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए छात्रें पर हुई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच, लोकतांत्रिक अधिकारों के सम्मान तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की।

विरोध–प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी बालोद तामेश्वर साहू, अध्यक्ष, ब्लॉक युवा कांग्रेस गुरूर मोनू ठाकुर, अध्यक्ष, नगर पंचायत पलारी यानेश साहू, पूर्व उपाध्यक्ष ▶▶| शेष पेज 13 पर

**पीड़ित परिवार के लिए देवदूत बने समाजसेवी बिरेंद्र देशमुख, सौंपी 31 हजार की सहायता राशि**

# दूसरों की जान बचाकर खुद कुर्बान हुए प्रदीप कश्यप की मदद के लिए आगे आए समाजसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



गोबरा नवापारा राजिम निवासी प्रदीप कश्यप की मौत नदी में डूब रहे दो बच्चों को बचाते हुए हो गई थी। गरीब परिस्थिति के चलते उनके परिवार के तीन बच्चों पत्नी और छोटे भाई के सामने जीवन यापन की समस्या खड़ी हो गई है। अब तक कोई सरकारी सहायता परिवार को नहीं मिली है।

घटना की जानकारी होते ही बालोद जिला गुण्डरदेही निवासी समाजसेवी बिरेंद्र देशमुख ने गांव पहुंचकर मोक्ष धाम फाउंडेशन 64 योगिनी मंदिर लिमोरा के सौजन्य से 31 हजार रुपए की मदद की। मदद पाकर परिवार ने राहत महसूस की। बीते 11 जुलाई का दोपहर 2.30 बजे गोबरा नवापारा राजिम निवासी प्रदीप कश्यप अपनी पत्नी मंगला कश्यप के साथ नदी में कपड़ा धोने गए थे, तभी उन्होंने देखा कि दो बच्चे नदी में डूब रहे हैं। उन्होंने बच्चों को बचाने नदी में छलांग लगा दी और तैरते हुए दोनों बच्चों को उथले पानी तक ले आया। तब तक प्रदीप स्वयं काफी मात्र में पानी पी चुका था। कुछ ही क्षण बाद वह पानी में लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद दूसरे दिन उसका शव लगभग आधा किलोमीटर दूर मिला। प्रदीप कश्यप के परिवार में पत्नी के अलावा तीन छोटे बच्चे और एक दिव्यांग भाई है। प्रदीप के परिवार का खर्च पिंडदान करने आने वाले लोगों को पिंडदान की सामग्री बेचकर होने वाली आय से चलता है। प्रदीप कश्यप की मौत के बाद अब इस परिवार के सामने जीवकोपार्जन की समस्या खड़ी हो गई है। घर में बचत कुछ भी नहीं है। गुण्डरदेही विधानसभा के ग्राम भेड़ी निवासी व मोक्ष धाम फाउंडेशन लिमोरा के संस्थापक बिरेंद्र देशमुख हमेशा गरीबों की मदद के लिए आगे रहते हैं। समाज सेवा में अग्रणी रहने के कारण अखिल भारतीय परंपरागत वैध महासंघ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। ग

रुदेव बिरेंद्र देशमुख ने कहा कि मानव जन्म लिए हैं तो मानवता बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस तरह के परिवार को हमरी थोड़ी सी मदद उनके लिए सहारा का काम करता है। प्रत्येक व्यक्ति को इस तरह सेवा कार्य के लिए आगे आना चाहिए और जो भी सहयोग बन सके करना चाहिए। गुरुदेव ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से जैसे ही ऐसी किसी घटना की जानकारी मिलती है तो मैं हमेशा पीड़ित परिवार तक पहुंचने की कोशिश करता हूं।

# जिला टॉपर हर्षिता का नवोदय में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

प्राथमिक शाला हीरू खपरी की कक्षा पांचवी की छात्र हर्षिता बघेल का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। हर्षिता बघेल सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक ढालसिंह बघेल की पौत्री है, जो बालोद जिला में टॉप 10 प्रवीण सूची में 95.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुई है।

प्राथमिक शाला एवं शाला पदाधिकारी के द्वारा हर्षिता बघेल को पुरस्कार भेंट कर विदाई दी, जिसमें मुख्य अतिथि साहित्यकार केशव राम साहू उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि प्रधान पाठक ढालसिंह राज एवं शिक्षक उदय सिंह कंवर, रमन सिंह साहू की सक्रियता एवं मेहनत का परिणाम है। इस तरह से मेधावी छात्रों के कारण ग्राम का नाम रोशन होता है एवं अन्य बच्चे भी प्रेरणा प्राप्त करते हैं। ज्ञात हो कि वर्ष 2024 में भी इस विद्यालय की एक छात्र का नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ था। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष लालजीत बघेल, मिथिलेश कुमार साहू, मानसिंह रिगुवंशी, फाकेश कुमार साहू, मनहरण रिगुवंशी, विष्णु प्रसाद ढीमर उपस्थित थे।

# बारिश में ट्विनसिटी के अंडरब्रिजों में जलजमाव की समस्या

## प्रियदर्शनी ब्रिज बन जाता है स्वीमिंग पूल, आवागमन हो जाता है बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रियदर्शनी परिसर सुपेला अंडरब्रिज सहित ट्विनसिटी के चार अंडरब्रिज बारिश के शुरुआती दौर में ही वाहनचालकों के लिए परेशानी ही नहीं बल्कि मुसीबत बन गए हैं। हर साल जलजमाव की विकट समस्या के बाद भी विकास का दावा करने वाले नगर निगम और जनप्रतिनिधि निदान को लेकर उदासीन और बेबस बने हुए हैं। शहरवासियों को अब इस बात की चिंता सता रही है कि जब वर्षा के आरंभ में यह स्थिति है तो फिर आगे तीन महीने के दौरान कितनी परेशानी होगी।

चारों अंडरब्रिजों के निर्माण में टेक्निकल फाल्ट होने से हर साल जलजमाव की समस्या उत्पन्न होती है। भिलाई में चंद्रामौर्या अंडरब्रिज, प्रियदर्शनी अंडरब्रिज का निर्माण करीब पंद्रह साल पूर्व किया गया था। वहीं नेहरुनगर व दुर्ग के रायपुर नाका अंडरब्रिज का निर्माण दो साल पूर्व किया गया है। रेलवे द्वारा नगर निगम व बीएसपी के सहयोग से निर्मित यह अंडरब्रिज निर्माण के बाद पहली बारिश के समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। सबसे ज्यादा समस्या प्रियदर्शनी परिसर व चंद्रामौर्या ब्रिज में बनी हुई है। दोनों अंडरब्रिजों में लगातार दो घंटा बारिश होने पर जलभराव होने से आवागमन बंद या बाधित हो जाता है।




इस कारण वाहनचालकों को पावरहाउस ओवरब्रिज से घूमकर जाना पड़ता है, जिस कारण दो किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। वाहनचालकों ने बताया कि भिलाई इंजीनियरों व अनुभवी व जागरुक जन प्रतिनिधियों का शहर होने के बाद भी चारों ब्रिजों के टेक्निकल फाल्ट को सालों बाद भी दूर नहीं किया जा सका है। बारिश के मौसम में 4 महीने सभी जलजमाव व लोहे की जालियों के उभरने से आवाजाही में परेशानी के साथ दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है। रायपुर नाका दुर्ग में भी जलभराव की समस्या बनी रहती है।



### स्वीमिंग पूल बन जाते हैं दो ब्रिज



पिछले करीब पंद्रह साल से चंद्रामौर्या व प्रियदर्शनी परिसर अंडरब्रिज बरसात के मौसम में 4 महीने वाहनचालकों के लिए परेशानी और जिम्मेदार एजेंसियों के लिए चुनौती बने हुए हैं। हर साल दोनों ब्रिजों में अधिक वर्षा होने पर 3 से 6 फीट पानी भर जाता है। मौर्याब्रिज में हर साल निगम द्वारा मोटरपंप लगाकार पानी निकालनी की रस्मअदायगी बाद वर्तमान में सड़क की ऊंचाई बढ़ाने संधारण कार्य करवा रहा है। लेकिन प्रियदर्शनी ब्रिज लाइलाज बना हुआ है। यहां कम जलभराव होने पर दोपहिया व कारचालक जब गुजरते हैं तो बीच में इंजिन में पानी भर जाने से वाहन रुक जाते हैं। बच्चे दस बीस रुपए लेकर कार को धक्का देकर आग निकालते हैं । रहवासियों ने बताया कि ऊपर ट्रैक से नीचे शावर की तरह गंदा पानी गिरता रहता, जिससे कपड़े खराब हो जाते हैं। रात में घुप्प अंधेरे व सड़क जर्जर होने से आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं।

## खबर संक्षेप

### स्वैच्छिक रक्तदान अभियान को लेकर बैठक आज

**दुर्ग।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग द्वारा जिला चिकित्सालय में संचालित ब्लड बैंक में रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और नियमित रक्तदान शिविरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 जुलाई को सुबह 11 बजे कला मंदिर, सिविक सेंटर में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अभिजीत सिंह करेंगे। बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाज प्रमुखों, शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस एवं अर्धसैनिक बल, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी संघ, औद्योगिक संस्थानों, राजनीतिक दलों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, दुर्ग भिलाई प्रेस क्लब के समस्त सदस्य को आमंत्रित किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित संस्थाओं एवं नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की है।

### 28 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल

**अण्डा।** ग्राम कोलिहापुरी स्थित शासकीय हाई स्कूल में मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वीं की 28 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा, सरपंच ईश्वर साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्की मिश्रा, योगेन्द्र दुबे, संजय साहू, अशोक दिल्लीवार, प्रताप साहू, केशव साहू, उमेश साहू, जुगल साहू, श्री ओमकार निषाद, ललित साहू, गणेश निर्मलकर तथा विद्यालय की प्राचार्य संगीता नायर सहित विद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 409.5 मि.मी. औसत बारिश

# लगातार बारिश व सूखानाला और घूमरिया जलाशय से 3282 क्यूसेक पानी छोड़ा, महमरा एनीकट 4 फीट ऊपर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश और राजनांदगांव, मोहला मानपुर जिले के जलाशयों से पानी छोड़े जाने से शिवनाथ नदी ऊफान पर आ गया है। सूखा नाला और घूमरिया जलाशय से 3282 क्यूसेक पानी छोड़ने के बाद शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट पर पानी 4.6 फीट ऊपर बहने लगा है। वहीं जिले में अब तक 409.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। जिससे खेती किसानी का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। किसानों की सबसे बड़ी चिंता धान अंकुरण की थी और पर्याप्त पानी नहीं होने की वजह से धान की नर्सरी नहीं लगा पा रहे थे। ये दोनों की काम अब हो रहे हैं। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में मानसूनी बारिश का सिस्टम पूरी तरह सक्रिय होने की वजह आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधि और चलने की संभावना जताई है।

### पिछले साल की अपेक्षा 3 मिमी औसत वर्षा है कम

जिले में 1 जून 2026 से 23 जुलाई तक 409.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले साल 23 जुलाई 2025 तक 406 मिलीमीटर औसत बारिश हुई थी। इस हिसाब से महज 3 मिमीमीटर औसत बारिश की कमी है। इस तरह पिछले दिनों लगातार हो रही बारिश से जिले में बारिश की स्थिति सुधरी है।

### बोरी तहसील में सबसे ज्यादा बारिश

कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 508.6 मिमी तहसील बोरी तहसील में तथा न्यूनतम 269.6 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 463.7 मिमी, तहसील पाटन में 501.2 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 388.3 मिमी और तहसील अहिवारा में 325.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 23 जुलाई 2026 को तहसील दुर्ग में 16.1 मिमी, तहसील धमधा में 5.5 मिमी, तहसील पाटन में 32.7 मिमी, तहसील बोरी में 7.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 11.5 मिमी और तहसील अहिवारा में 5.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### पूर्व पश्चिमी हवा के प्रभाव से बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक पूर्व-पश्चिम हवा का शियर जोन 23 डिग्री उत्तर में उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 4.5 किलोमीटर से 7.6 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। वहीं मानसूनी द्रोणिकाएं भी सक्रिय है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, गुना, दमोह, डालटेनगंज, कोण्टई और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है तथा यह 3.1 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है । 24 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## तीन निगमों में पेयजल सप्लाई बंद

# जलकुंभी फंसने से भिलाई-दुर्ग में पेयजल आपूर्ति प्रभावित




**भिलाई।** शिवनाथ नदी इंटकवेल में जलकुंभी और कचरा फंसने की वजह से तीन निगमों में पेयजल सप्लाई प्रभावित हो गई है। दुर्ग, भिलाई और रिसाली निगम क्षेत्रों में लोगों को पेयजल के लिए जूझना पड़ा। इस इंटकवेल से ही तीनों निगम क्षेत्रों की प्रमुख पानी टंकियां भरी जाती है। इन टंकियों से पानी की सप्लाई विभिन्न वार्डों में स्थित पानी टंकियों में जाता है। यहां से पानी नलों में मिलता है। भिलाई निगम के 70 वार्ड हैं। जिसमें से टाउनशिप के 24 वार्डों में बीएसपी वाटर प्लांट से पानी सप्लाई करती है। शेष 46 वार्डों में पेयजल सप्लाई न सुबह हो पाई और न ही शाम पाली में। रिसाली निगम में कुल 40 वार्ड हैं। इनमें से 7 वार्डों में पानी सप्लाई बीएसपी करती है। शेष 33 वार्डों में से दो वार्ड पुरैना और डुंडेरा में मोरिद जलाशय से पानी आता है। इस तरह बचे हुए 31 वार्डों में पानी की सप्लाई भिलाई निगम के 77 एमएलडी एवं 66 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से होता है। लेकिन इस संयंत्र में शिवनाथ नदी से पानी नहीं मिला। इसी प्रकार दुर्ग शहर में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। सिकोलभाठा, हनुमान नगर और पोटिया टंकी में पानी ही नहीं भर पाया, जहां भरा, वहां भी दोपहर आपूर्ति हो पाई। पटरीपार क्षेत्र में देर शाम तक पेयजल आपूर्ति की गई। इस प्रकार दो दिन से पेयजल सप्लाई बुरी तरह प्रभावित है। इस बीच दुर्ग निगम के जलकार्य विभाग ने पैनल मेंटेनेंस का भी काम किया।

# जिले में 1.51 लाख किसानों का एग्रीस्टैक पंजीयन पूरा, शेष किसान जल्द कराएं रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

■ एग्रीस्टैक में पंजीयन जरूरी, तभी मिलेगा समर्थन मूल्य और किसान योजनाओं का लाभ

भारत सरकार के द्वारा किसानों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु शुरू किए गए एग्रीस्टैक पोर्टल में किसानों के पंजीयन कार्य के अंतर्गत बालोद जिले के 02 लाख 62 हजार 126 खाता धारकों किसानों में आज 23 जुलाई 2026 तक कुल 01 लाख 51 हजार 535 खाताधारक किसानों का एग्रीस्टैक किसान पंजीयन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकृत सभी कृषकों के खसरों की एंट्री कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष ने बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए जिले के 01 लाख 10 हजार 591 सह खाताधारक किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कार्य पूर्ण करने हेतु किसानों को सहकारी समितियों एवं लोक सेवा केन्द्र में बुलाकर उनका पंजीयन कार्य पूरा किया जा रहा है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले के सभी किसानों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु निर्धारित समयावधि में अपने प्रत्येक खातों का एग्रीस्टैक पोर्टल में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की अपील की है। जिससे कि उन्हें धान एवं अन्य फसलों के समर्थन मूल्य पर बिक्री एवं शासन के विभिन्न किसान हितैषी योजना का लाभ लेने हेतु किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो सके। कलेक्टर मिश्रा ने भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए एग्रीस्टैक पोर्टल के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल एक डिजिटल कृषि मंच है। इसके तहत किसानों को विशिष्ट 11 अंकों की फार्मर आईडी दी जाती है। जो उनके आधार कार्ड एवं भूमि रिकार्ड से जुड़ी होती है। एग्रीस्टैक पोर्टल का मुख्य उद्देश्य किसानों और कृषि से जुड़ी जानकारियों का केन्द्रीयकृत डाटाबेस तैयार करना है। उन्होंने इसके लाभ के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि किसानों के सभी खातों का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन हो जाने से प्रधानमंत्री किसान योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और कृषि अनुदानों का लाभ सीधे पात्र किसानों को पारदर्शी तरीके से मिलता है। इसके अलावा एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन हो जाने से किसानों को खाद, बीज या सरकारी योजनाओं के लिए बार–बार पटवारी के चक्कर नही लगाने पड़ते और बार–बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नही पड़ती।

शासन के मंशानुरूप किसानों को शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए एग्रीस्टैक पोर्टल में किसानों को अपने प्रत्येक खातों का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना आवश्यक है। इसके अभाव में किसानों को अपने धान एवं अन्य फसलों के समर्थन मूल्य पर बिक्री के अलावा राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित किसान हितैषी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई होती है।

## नाटकीय घटनाक्रम

# अलसुबह ही 13 अतिथि शिक्षक पदाधिकारी हिरासत में, शाम को आंदोलन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



23 दिन से दुर्ग शिक्षा विभाग के सामने आंदोलनरत अतिथि शिक्षकों का आंदोलन नाटकीय घटनाक्रम के बाद और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया है। दरअसल प्रशासन ने जेआरडी स्कूल की पढ़ाई प्रभावित होने की वजह से आंदोलनरत शिक्षकों को अल्टीमेटम दिया था कि वे गुरुवार को न बैठे।

■ शिक्षा मंत्री के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त की घोषणा

वहीं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने दो दिन पहले ही आश्वासन दिया था कि उनकी मांगों को वे सरकार के समक्ष रखेंगे। संघ के पदाधिकारी रायपुर चले गए और बुधवार की देर रात लौटे। पुलिस ने तीन पदाधिकारी राज यादव, धमेंद्र वैष्णव और अविनाथ मिश्रा को भिलाई के होटल से हिरासत में ले लिया। वें यहां बाहर से आकर आंदोलन को रूप दे रहे थे। महिला पदाधिकारियों ने उनके निवास से पुलिस पकड़ कर ले आई और उन्हे सेंट्रल जेल में बिठा दिया। जब शिक्षकों को इसकी जानकारी हुई तो वे आंदोलन स्थल पहुंचे और हड़ताल पर बैठ गए। पुलिस ने यहां से पंडाल बुधवार की रात को ही हटा लिया था। शाम 5 बजे आंदोलन का नेतृत्व करने वाले 13 पदाधिकारियों को रिहा किया गया।

### निलंबित करने डीपीआई ने जारी किया आदेश

अतिथि शिक्षकों को निलंबित करने के लिए डीपीआई ने आदेश भी जारी कर दिया। आदेश में शिक्षकों को अपने स्कूलों में पहले 22 जुलाई तक ज्वाइनिंग करने कहा गया था लेकिन आंदोलन जारी रहा। उसके बाद नए आदेश में 27 जुलाई तक ज्वाइनिंग नहीं करने पर निलंबित करने का आदेश जारी किया गया है। इसलिए भी आंदोलनरत शिक्षकों पर दबाव बढ़ा।

### आंदोलन समाप्त करने की घोषणा

अतिथि शिक्षकों को जेआरडी स्कूल के सामने से हटाने के बाद अतिथि शिक्षक गोंडवाना भवन के पास पहुंचे। यहां संघ के संरक्षक धमेंद्र वैष्णव, राज यादव ने बैठक ली और आंदोलन शिक्षा मंत्री के आश्वासन पर समाप्त करने की घोषणा की। अतिथि शिक्षक नियमितीकरण, संविलियन, समान कार्य के लिए समान वेतन और सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर पिछले धरना.प्रदर्शन कर रहे थे।

### कांग्रेस ने पैदल मार्च कर किया समर्थन

दुर्ग में अतिथि शिक्षकों की मांगों के समर्थन में कांग्रेस सड़क पर उतर आई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव चौक से पैदल मार्च निकालकर हड़ताली अतिथि शिक्षकों का समर्थन किया। इस दौरान सरकार से शिक्षकों की मांगे तत्काल मानने की अपील की गई। मार्च के बाद कांग्रेस नेताओं ने धरनास्थल पहुंचकर अतिथि शिक्षकों से मुलाकात की और उनके आंदोलन को अपना समर्थन दिया। बाकलीवाल ने आरोप लगाया कि भारी बारिश के बीच पुलिस प्रशासन द्वारा शिक्षकों के साथ किया जा रहा व्यवहार संवेदनहीन और दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार अतिथि शिक्षकों की मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तो आंदोलन को और व्यापक समर्थन दिया जाएगा।

# घर में लगी भीषण आग, दमकल ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले के ग्राम अछोटी में बुधवार शाम एक मकान में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही दुर्ग अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा की दो दमकल टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जिला सेनानी और अग्निशमन अधिकारी दिनेश राउटे के अनुसार 22 जुलाई को शाम करीब 7.44 बजे ग्राम अछोटी निवासी रामचरण के मकान में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दुर्ग अग्निशमन कार्यालय से दमकल वाहन रवाना किए गए। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि मकान से भीषण आग की लपटें उठ रही थीं और आग तेजी से फैल रही थी। अग्निशमन कर्मियों ने लगातार प्रयास कर आग को आसपास के मकानों और अन्य क्षेत्रों तक फैलने से रोक दिया। करीब 4 घंटे बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। हालांकि आग से हुए संपत्ति नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है और जांच जारी है।

# पौधारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प



■ भारती विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण अभियान का आयोजन

**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग की एनसीसी इकाई द्वारा डॉ. आस्था चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत एनसीसी कैडेटों द्वारा वृहत स्तर पर पर्यावरण महत्व के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कैडेटों ने अपने द्वारा रोपित पौधो के संरक्षण और देखभाल का संकल्प भी लिया गया। एक अन्य पहल के तहत विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम कुथरेल में कम्युनिटी सर्विस उपक्रम के अंतर्गत कम्युनिटी मेडिएशन पर ग्रामीणों के साथ एक सत्र आयोजित किया गया। इसमें संपदा बैंस, सरिता गुप्ता व छात्रों ने ग्रामवासियो को सामुदायिक मध्यस्थता, उसके महत्व और उपयोगिता पर शिक्षित व जागरूक करने का प्रयास किया। उल्लेखनीय है कुलपति डॉ. बीएन तिवारी तथा कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र स्वर्णकार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिवार इस तरह के उपक्रम के समग्र रूप से सतत प्रतिबद्ध है।

## नए ट्रैफिक एएसपी कौशलेंद्र देव पटेल ने पदभार ग्रहण करते ही ली समीक्षा बैठक

# जाम व सड़क हादसों पर सख्ती, नए यातायात एएसपी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले में नवपदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात कौशलेंद्र देव पटेल ने पदभार ग्रहण कर लिया है। जिम्मेदारी संभालते ही उन्होंने जिले की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संकेत दिए हैं। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने यातायात विभाग के सभी जोन प्रभारियों, टैंगो टीम और अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेकर मौजूदा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में एएसपी पटेल ने सभी जोन प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करने और प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों तथा व्यस्त मार्गों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी अनावश्यक जाम की स्थिति नहीं बनने दी जानी चाहिए। नवपदस्थ एएसपी ने सुबह और शाम के पीक ऑवर के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख मार्गों और व्यस्त चौराहों पर यातायात का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। बैठक में शाम के समय बाजारों में बढ़ने वाले यातायात दबाव को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बाजार क्षेत्रों में प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम नागरिकों को जाम और अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

### पीक ऑवर में विशेष निगरानी और सड़क सुरक्षा पर दिया जोर



### सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात हमारी प्राथमिकता

"दुर्ग जिले में सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था स्थापित करना प्राथमिकता होगी। यातायात पुलिस आम नागरिकों की सुविधा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।
**-कौशलेंद्र देव पटेल**, एएसपी, ट्रैफिक

### अनुशासन और जवाबदेही पर जोर

कौशलेंद्र देव पटेल ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने तथा जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीमवर्क और बेहतर समन्वय के साथ काम करने पर भी जोर दिया। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग को बढ़ावा देने तथा यातायात नियमों के प्रभावी पालन पर विशेष बल दिया गया। साथ ही जनजागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही गई।

## खबर संक्षेप

### सी-मार्ट के पास गांजा बेच रही महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** छावनी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला को 1.250 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से गांजा और बिक्री की नकदी सहित कुल 67,600 रुपये की सामग्री जब्त की गई है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 जुलाई 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जीई रोड स्थित सी-मार्ट, पावर हाउस के पास एक महिला गांजा बेचने के लिए रखी हुई है। सूचना पर छावनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और एक संदिग्ध महिला को पकड़ा।पूछताछ में महिला ने अपना नाम अनिता (50 वर्ष), पति स्वर्गीय शिशुपाल, निवासी नंदनी रोड, चौरसिया होटल के पीछे, कैंप-2 भिलाई बताया। तलाशी के दौरान उसके पास रखी सफेद प्लास्टिक की बोरी में गुलाबी रंग की प्लास्टिक झिल्ली में पैक गांजा बरामद हुआ।गवाहों की मौजूदगी में मादक पदार्थ का वजन कराया गया, जिसमें गांजा का कुल वजन 1.250 किलोग्राम पाया गया। साथ ही आरोपी के पास से 5,100 रुपये नकद भी बरामद हुए, जिन्हें पुलिस ने बिक्री की रकम माना है।आरोपी महिला से गांजा रखने संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी। इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गांजा और नकदी जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया।

### योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लिया संकल्प



**उतई ।** भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल के अंतर्गत खोपली शक्ति केंद्र की बैठक भागचंद देशलहरे के निवास स्थान पर हुई। मुख्य वक्ता मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर रहें। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने एवं आगामी स्थानीय चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि पार्टी को बूथ स्तर पर और मजबूत करना है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएं। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महामंत्री प्रवीण यदु,चंदू देवांगन पूर्व मंडल अध्यक्ष फतेलाल वर्मा,शक्तिकेंद्र प्रभारी विमला कामडे,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर,किसान मोर्चा अध्यक्ष फालेन्द्र राजपूत,उतई मंडल उपाध्यक्ष देवेन्द भारती, राकेश आदि उपस्थित थे।

### युवक पर जानलेवा हमला

**भिलाई।** पुलगांव थाना अंतर्गत चौकी जेवरा सिरसा पुलिस ने तालाब किनारे एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना 21 जुलाई की शाम करीब 6 बजे ग्राम जेवरा स्थित तालाब किनारे की है। प्रार्थी परमेश्वर ढीमर अपने साथियों के साथ वहां बैठा था। इसी दौरान ग्राम जेवरा निवासी दुलेश्वर टंडन उर्फ दुलरवा (23 वर्ष) वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा।

समक्ष :- श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला- बालोद (छ.ग.)

**// शपथ पत्र //**

नीता बाई पिता मोजी, जाति हल्बा, उम्र 44 वर्ष साकिन-पार्री, पो. बडगांव, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग.

मैं शपथकर्ती शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं-

1. यह कि, शपथकर्ती का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, शपथकर्ती का वास्तविक नाम नीता बाई पिता मोजी है, जिसका उल्लेख शपथकर्ती के आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा मतदाता कार्ड में अंकित है जो कि सत्य व सही है। किन्तु त्रुटिवश शपथकर्ती के राजस्व अभिलेख ग्राम पार्री, प.ह.न. 34, रा.नि.मं. सम्बलपुर, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. में नरबदिया पिता मोजीराम दर्ज है एवं ग्राम सिवनी, प.ह.न. 56, रा.नि.मं. बटेरा, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. में गीता पिता मोजी दर्ज हो गया है। अतएव उक्त राजस्व अभिलेख में नाम संसोधन कर नीता बाई पिता मोजी दर्ज कर सुधार किया जाना आवश्यक है के निमित्त सूचना प्रकाशन छ.ग. राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने बाबत शपथ पत्र माननीय श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. के समक्ष आज दिनांक 24/07/2026 को शपथकर्ती द्वारा निष्पादित है।
3. यह कि, शपथकर्ती के द्वारा शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य है गलत पाये जाने पर पूरी जवाबदारी शपथकर्ती की होगी।

अस्तु शपथपत्र प्रस्तुत है। **शपथकर्ती**

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ती सत्यनिष्ठा से सत्यापित करती हूं कि शपथपत्र की कंडिका 1 से लेकर 3 तक दी गई जानकारी सत्य व सही है। जिसे पढ़कर/पढ़ाकर/समझकर स्थान डौण्डीलोहारा में दिनांक 24/07/2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापन करती हूं। **नीता बाई**
**सत्यापनकर्ती**

## पीएम मोदी व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन

# जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, युवाओं को दिया पूरा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमधा

जंतर-मंतर में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में धमधा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग कार्यालय से बस स्टैंड होते हुए गंडई चौक तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारे लगाए गए। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए।

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि जंतर-मंतर में छात्रों के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश की जनता को केवल झुटे वादे और परेशानियां मिली हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक जैसे मामलों ने युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने जंतर-मंतर में छात्रों पर हुई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। गंडई चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन समाप्त किया गया। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दानेश्वर साहू, शमशीर कुरैशी, मधुसूदन राणा, जालम पटेल, राज पटेल, अशोक कसार, संतलाल बंजारे, हिम्मत ढीमर, ज्वाला साहू, अघ्नु पाल, राजेश मानिकपुरी, बंटी वैष्णव, जीवन निर्मलकर, अरुण साहू, जितेंद्र वर्मा, परमेश्वर यादव, देवेंद्र चंदेल, यगेन्द्र दिल्लीवार, योगेश साहू, रेवा बंजारे, लुमेश्वर पटेल, आशीष पाण्डेय, रामकुमार पटेल, रोमन पटेल, टीकाराम उमरे, श्रवण साहू, आकाश द्विवेदी, विजय दीमर, सुरेश ढीमर, सुमन्त ताम्रकार, विनोद पटेल, त्रिलोकी पटेल, रामचन्द्र जंघेल, पप्पू सोनवाने, मुकेश वर्मा, निक्की राजपूत, बब्बू वैष्णव, अनिल साहू, ललित सोनकर आदि शामिल है।

### छात्रों पर लाठीचार्ज बर्दाश्त नहीं : राकेश ठाकुर




### जामुल में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**जामुल ।** जंतर-मंतर नई दिल्ली में जारी आंदोलन के सिलसिले में स्थानीय स्तर पर कांग्रेस ने गुरुवार को एक दिवसीय धरना एवं विरोध प्रदर्शन जामुल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलेश साहू के नेतृत्व में संतोषी चौक जामुल बस्ती में किया। जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल के पदाधिकारी, कांग्रेस के पार्षद, छाया पार्षद, मण्डल अध्यक्ष,सेक्टर अध्यक्ष ,बुथ अध्यक्ष वरिष्ट कांग्रेस, युवक कांग्रेस, पूर्व ऐल्डरमेन, कांग्रेस,महिला कांग्रेस एवं सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन कर केंद्र सरकार का पुतला जलाया



**पाटन।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं के समर्थन में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी, सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी जी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी सहित अनेक कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन ने स्वामी आत्मानंद चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन अध्यक्ष मोहन साहू, जामगांव आर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर और नगर कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल देवांगन के संयुक्त तत्वावधान में इस आंदोलन में पुलिस द्वारा रोकने के प्रयास हुए। हल्की धक्का-मुक्की के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया तथा केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### सवालों का जवाब देने के बजाय आवाज दबा रही सरकार : साहू

**उतई/अंडा।** पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ताम्रध्वज साहू ने कहा है कि विपक्ष की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता की आवाज को मजबूती से सरकार तक पहुंचाना और जनहित के मुद्दों पर जवाबदेही तय करना है।



गुरुवार को जारी बयान में श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता विपक्ष राहुल गांधी लगातार युवाओं, छात्रों और आम जनता के मुद्दों को सड़क से लेकर संसद तक उठा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ₹इस देश का दुर्भाग्य है कि सरकार जनता के सवालों का जवाब देने के बजाय आवाज उठाने वालों को दबाने का प्रयास कर रही है।₹ साहू ने की कहा, ₹भाजपा याद रखे, लोकतंत्र में आवाज दबाने से सवाल खत्म नहीं होते। देश का युवा न्याय मांग रहा है, जवाब मांग रहा है और कांग्रेस उनकी आवाज बनकर मजबूती से खड़ी है।₹ पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक और छात्रों की समस्याओं जैसे मुद्दों पर सरकार चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन सभी मुद्दों पर जनता के साथ खड़ी है।



## खैरा स्कूल के दो छात्रों का नवोदय और प्रयास विद्यालय में चयन

हरिभूमि न्यूज. डौंडीलोहारा

पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला खैरा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

विद्यालय की छात्रा धारणा ठाकुर का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में तथा छात्र नीरज कुमार साहू का चयन राष्ट्रीय साधन-सह-प्रावीण्य योजना की मेरिट सूची में होने के साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय, दुर्ग के लिए हुआ है। दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण रहा। इस अवसर पर धारणा ठाकुर को विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाओं के साथ ससम्मान विदाई दी। छात्रा के पालक ताम्रध्वज ठाकुर ने विद्यालय में नेवता भोज का आयोजन कर अपनी खुशी साझा की।विद्यालय के शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजिंदर भुआर्य ने नीरज कुमार साहू और उनके पालकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि कठिन परिश्रम, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

उन्होंने इसे विद्यालय के लिए गौरव का विषय बताते हुए अन्य विद्यार्थियों से भी मन लगाकर अध्ययन करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों विद्यार्थी भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## शक्ति केंद्र रजोली में सुनी जाएगी प्रधानमंत्री के मन की बात



**गुण्डरदेही।** शक्ति केंद्र रजोली की मासिक बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास में हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रम मन की बात को लेकर विशेष चर्चा की गई। साथ ही शक्ति केंद्र रजोली में ही आगामी मन की बात कार्यक्रम सुनी जाएगी। बैठक मे मंडल अध्यक्ष युवराज मरकंडे, पुष्पेंद्र चंद्राकर, शक्ति केंद्र प्रभारी हरीश निषाद, संयोजक मुकेश, सह संयोजक वगिस बघेल, बूथ अध्यक्ष गोरे लाल सिन्हा, बूथ अध्यक्ष भीषम साहू, बूथ अध्यक्ष विष्णु साहू, मिलन साहू, देवनारायण सिन्हा, ठन्डेश्वर साहू, कमलेश साहू सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# चेतराम बने शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, परमाबाई उपाध्यक्ष बनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|डौंडीलोहारा





वनांचल के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरजपुरी में नई शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित बैठक में पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में समिति का गठन किया गया।

समिति का उद्देश्य विद्यालय के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यालय और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। प्राचार्य एन.एल. पिंकेश्वर के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न बैठक में सर्वसम्मति से चेतराम साहू को समिति का अध्यक्ष तथा परमाबाई कोरटी को उपाध्यक्ष चुना गया। पालक सदस्यों के रूप में टीकम नायक, वीरेंद्र कुमार, धनाजी राम, शोभेंद्री चिराम, गंधराब सिंह तथा मैना बाई को शामिल किया गया। वहीं पंचायत प्रतिनिधि के रूप में कुंवर बाई सलामे एवं धनेश्वरी कोमरे तथा शिक्षाविद सदस्य के रूप में गणेश राम रात्रे, विजय पटेल, दिलीप बघेल एवं कमल बन गोस्वामी को समिति में स्थान दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एन.एल. पिंकेश्वर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि शाला प्रबंधन समिति विद्यालय के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए सभी सदस्यों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में समिति के सभी सदस्यों ने विद्यालय के शैक्षणिक एवं भौतिक विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में ग्राम सरपंच संतोषी ठाकुर, विद्यालय के समस्त व्याख्याता, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में पालक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### शिक्षा यात्रा को सुगम बनाने दी साइकिल

**भिलाई/उतई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम डुंडेरा में सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के तहत मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने कक्षा 9वीं की 31 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की। साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं में कुमारी दीक्षा यादव, अर्पित साहू, खुशबू निर्मलकर, रश्मि यादव, वीणा साहू, सिया बाग, खुशी साहू, दिशा भारती, सोनम, प्रतिमा बेहरे, मधुलिका नायक आदि शामिल हैं। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना से बेटियों को विद्यालय तक नियमित एवं सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित होगी। ये साइकिलें छात्राओं की शिक्षा यात्रा को सुगम बनाते हुए उनके सपनों को नई उड़ान देंगी।

## पेज 11 के शेष

### महतारी वंदन पौधारोपण ...

कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को इसके लिए पौधों की समुचित उपलब्धता एवं अन्य सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने सभी अधिकारियों को अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए 30 जुलाई को आयोजित वृहद पौधारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने विकासखण्डवार पौधारोपण हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं पौधों की उपलब्धता के साथ–साथ अन्य सभी तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायतों में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को सूचीबद्ध कर उनके पास पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने अन्य महिलाओं तथा वृक्षारोपण के कार्य में सहभागिता निभाने वाले लोगों तक भी पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि महतारी वंदन योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों के अलावा वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करने वाले अन्य सभी लोगों को ग्राम पंचायतों के माध्यम से पौधों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों एवं अन्य सभी लोगों तक पौधे पहुँचाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही 30 जुलाई को पौधरोपण हेतु सभी लोगों के पास पौधे पहुँचा दी जाएगी।

### दिल्ली के जंतर-मंतर पर ...

जनपद पंचायत गुरूर तोशन साहू, महामंत्री, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर सुमित राजपूत, केदार देवांगन, सचिव जिला कांग्रेस कमेटी राकेश सोनबेर, मीडिया प्रभारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर उमेश कुमार साहू, अध्यक्ष, ब्लॉक किसान कांग्रेस गुरूर टेकलाल सोनबेर, सचिव, जिला किसान कांग्रेस बालोद चोवाराम साहू, महामंत्री, ब्लॉक कांग्रेस गुरूर मुकेश सार्वा, पूर्णेश्वर साहू, प्रवीण सोनबेर, राजेश यादव, भुवनेश्वर ठाकुर, तीरथ साहू, प्रेमलाल साहू, पार्षदगण, नगर पंचायत पलारी पूर्व जनपद सदस्य गुरूर रिखीराम सोनबरसा,, अंकुश दीवान, हिमांशु लावत्रे, रूपराम साहू, बाबूलाल साहू, लोकेश साहू सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हेरोइन बेच रहा था युवक, पुलिस ने दबोचा

**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने स्कूल और कॉलेज क्षेत्र के आसपास हेरोइन की बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8.49 ग्राम हेरोइन, बिक्री की रकम, दो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस के अनुसार 23 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आईटीआई मैदान खुर्सीपार के पास एक युवक अवैध रूप से हेरोइन बेच रहा है और युवाओं, विशेषकर स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को नशीला पदार्थ उपलब्ध करा रहा है।

# दो आरोपी से 300 नशीली टेबलेट बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सिटी कोतवाली पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित नशीली टेबलेट की अवैध बिक्री करने की तैयारी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 300 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, दो धारदार हथियार और दो मोबाइल फोन समेत कुल 1.36 लाख रुपए की सामग्री जब्त की है। पुलिस के अनुसार 23 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंजपारा स्थित प्रियंका बोरवेल्स के पीछे मैदान में दो युवक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान दिपेश उर्फ आयुषदीप (21 वर्ष), निवासी उत्कल कॉलोनी गंजपारा और कृष्णा कुमार सेन (19 वर्ष), निवासी डिपरापारा दुर्ग के रूप में बताई। तलाशी के दौरान दिपेश के पास से 150 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, एक धारदार हथियार और ओप्पो मोबाइल फोन बरामद हुआ। वहीं कृष्णा कुमार सेन के कब्जे से 150 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, एक धारदार हथियार और आईफोन एसई 2020 मोबाइल बरामद किया गया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालय में लक्की का चयन

**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर के लक्की ध्रुव पिता मिथलेश ध्रुव का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह धमतरी में होने पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है । लक्की शुरू से ही प्रतिभाशाली छात्रा रहा है । शाला के प्रधानपाठक श्रीमती झमित मेश्राम के मार्गदर्शन एवं समस्त शिक्षक स्टॉफ के प्रयास से लक्की का चयन कक्षा 6 वीं के लिए हुआ है। लक्की की सफलता पर शाला परिवार एवं उनके माता-पिता गौरवान्वित है।

### युवक ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस के अनुसार हटकेशर वार्ड निवासी संतुराम निषाद पिता कार्तिकराम उम्र 36 वर्ष मजदूरी का काम करता था। युवक ने गुरुवार की शाम अपने घर के पीछे स्थित पेड पर कपड़े की रस्सी का फंदा बना फांसी लगा लिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा कार्रवाई कर जिला अस्पताल भेज दिया। जहां शुक्रवार को शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। युवक के फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### कांग्रेस के राज में पेपर लीक हुए पर परीक्षा नहीं रुकी, हमारी सरकार में पारदर्शिता : रंजना साहू

**धमतरी।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने पेपर लीक के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में पेपर लीक हुए पर परीक्षा नहीं रुकी। हमारी सरकार में पारदर्शिता है - लीक हुआ तो परीक्षा रद्द। रंजना साहू ने आगे कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में दर्जनों बार पेपर लीक हुए, लेकिन तब की कांग्रेस सरकार ने आंख मूंद ली। नतीजा यह हुआ कि अपात्र लोग आज भी सरकारी नौकरियों में बैठे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। एक भी पेपर लीक की सूचना मिलते ही परीक्षा को निरस्त कर दिया जाता है और दोबारा निष्पक्ष परीक्षा कराई जाती है। सरकार पेपर माफियाओं पर भी कड़ी कार्रवाई कर रही है। रंजना साहू ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार के समय खुद प्रियंका गांधी ने माना था कि पेपर लीक बहुत बड़ा मुद्दा है और उनकी सरकार उसे रोक नहीं पा रही है। लेकिन आज कांग्रेस को वह समय याद नहीं आ रहा।

### शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में प्रवेश जारी

**धमतरी।** शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में कक्षा पहली से दसवीं तक की श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय शिक्षण का लाभ दिया जा रहा है। संस्था के अधीक्षक ने बताया कि इस आवासीय विद्यालय में कक्षा पहली से आठवीं तक श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं का प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश के लिए 6 से 14 साल तक के आयु की दिव्यांग बालिकाएं आवेदन कर सकतीं हैं। आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंकसूची, नगरनिगम या चिकित्सा विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी यूडीआईडी कार्ड लगाना होगा।

# एसपी किरण ने ली पहली जनरल परेड, अनुशासन, फिटनेस और पेशेवर पुलिसिंग पर दिया जोर





**बालोद।** साप्ताहिक जनरल परेड में पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुशासन, फिटनेस एवं प्रोफेसन पुलिसिंग पर जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रथम परेड के निरीक्षण में महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक बालोद किरण गंगाराम चव्हाण द्वारा जिले में पदभार ग्रहण करने के पश्चात प्रथम साप्ताहिक जनरल परेड का निरीक्षण रक्षित केंद्र बालोद में किया गया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्रिल, अनुशासन, वर्दी टर्नआउट एवं समग्र प्रस्तुतिकरण का सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से शारीरिक फिटनेस को पुलिस कार्य का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए नियमित व्यायाम एवं प्रशिक्षण पर बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मोटर ट्रांसपोर्ट शाखा में उपलब्ध शासकीय वाहनों का निरीक्षण एवं जांच कर उनकी स्थिति, रखरखाव एवं उपयोगिता के संबंध में निर्देश दिए गए, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, कार्यकुशलता एवं तत्परता के साथ कर्तव्य निर्वहन करने तथा जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त थाना स्तर पर बेहतर समन्वय, गश्त व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं आमजन के साथ सकारात्मक संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

## मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाए : भाजयुमो जिलाध्यक्ष

# प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई, भाजपा ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के विरूद्व अभद्र टिप्पणी पर करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सौरभ लुनिया, भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजयुमो जिला बालोद के जिलाध्यक्ष एवं जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सभापति गुलशन कुमार साहू एवं प्रदेश युवा मोर्चा पदाधिकारी पंकज चौधरी, जिला महामंत्री अनूप देशमुख, हिमांशु साहू, जिला उपाध्यक्ष सौरभ जैन, कुलदीप यादव, जिला मंत्री आशुतोष कौशिक, धनंजय साहू, जिला मीडिया प्रभारी अभिन्न यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुमित जैन, जिला पदाधिकारी जागेश्वर धीमर, रजत जैन, मंडल अध्यक्षगण राहुल सोनी,नीतेश सोनकर, वीर दिल्लीवार, सागर सहित जिला के समस्त जिला पदाधिकारी ने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी और अभद्र कृत्य किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक बालोद को ज्ञापन सौंपकर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

सौंपे गए आवेदन में गुलशन कुमार साहू ने उल्लेख किया है कि इंस्टाग्राम पर आईडी से संचालित एक अकाउंट, जिसे उन्होंने दल्लीराजहरा निवासी कांग्रेस नेता का बताया है, पर अपलोड किए गए एक वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित रूप से गाली–गलौज की गई है तथा उनके छायाचित्र के साथ आपत्तिजनक कृत्य किया गया है। आवेदन में दावा किया गया है कि इससे देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं और प्रधानमंत्री की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्रचलित कानून के तहत उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि सोशल मीडिया पर इस प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भाजयुमो ने गुण्डरदेही थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**गुण्डरदेही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल गुण्डरदेही द्वारा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध कथित रूप से अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि इंस्टाग्राम आईडी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कथित रूप से अशोभनीय एवं अपमानजनक टिप्पणी की गई, जिससे करोड़ों देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं। भाजयुमो ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधि अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, युवा मोर्चा अध्यक्ष नीतीश राजा सोनकर, महामंत्री अनूप देशमुख, सौरभ चोपड़ा, गुमान सिंह, पोषण, रूपेश्वर, प्रिंस, मोपेंद्र साहू, आराध्य शर्मा, टिकेश, नमन जैन सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिरसिदा में सरपंच सरस्वती ने किया पौधों का वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सिरसिदा में सरपंच सरस्वती इन्द्रजीत चन्द्राकर के नेतृत्व में पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे ग्रामीणों, महिलाओं एवं युवाओं को वितरित किए गए। सरपंच श्रीमती सरस्वती इन्द्रजीत चन्द्राकर ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण का आधार हैं। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि प्रत्येक परिवार कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी जिम्मेदारी के साथ देखभाल करे। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव में हरियाली बढ़ाना, जलवायु संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा लोगों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाना रहा।

## जपं में विकसित भारत के अंतर्गत रोपे गए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत भेजा मैदानी जनपद पंचायत गुरूर में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम कलेक्टर जिला बालोद की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया।

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रलय द्वारा 1 जुलाई से पूरे देश में लागू की गई विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत जनपद पंचायत गुरूर की ग्राम पंचायत भेजमैदानी में 24 जुलाई को कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में पौधारोपण कार्य प्रारंभ किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण के अंतर्गत प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्योर् की जानकारी दी गयी है, भेजा मैदानी के इस कार्य स्थल पर पूर्व में 5 एकड़ जमीन पर वृक्षारोपण का कार्य किया गया था, जिसमें वर्तमान में कुल 760 पौधे जीवित है, साथ वर्तमान में कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के कर कमलों से वृक्षारोपण प्रारंभ किया गया है, जिसमें कुल 554 पौधे का पौधारोपण कार्य किया जाना है, जिसमें मुख्यतः आम, अमरूद, रायजाम, कटहल, गोहार भाजी, कोलियारी भाजी के पौधे सम्मिलित किये गये हैं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरूर पन्नालाल धुरवे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अभियंता जनपद पंचायत गुरूर बांगडे सिरमोर, सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत बालोद ओमप्रकाश साहू, योगेश कुमार देवांगन, कार्यक्रम अधिकारी विकसीत भारत–जीरामजी, सरपंच, जनपद सदस्य, उपसरंपच, पंच, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, हितग्राहियों, युवाओं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिकों की सहभागिता रही।

## टटेंगा प्राथमिक स्कूल में शाला प्रबंधन समिति का गठन



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला टटेंगा में शाला प्रबंधन समिति का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित आमसभा में बड़ी संख्या में अभिभावकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही। बैठक का शुभारंभ प्रधान पाठक लिखन राम सर्पा के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने शाला प्रबंधन समिति की भूमिका और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के समग्र विकास की निगरानी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना तथा विद्यालय और समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। आम सहमति से समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें चंद्रशेखर उर्वशा को अध्यक्ष तथा रिखीराम साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। व्याख्याता अजय पाठक ने समिति के अन्य सदस्यों की जानकारी देते हुए बताया कि सरपंच गंगोत्री ठाकुर, संकुल प्राचार्य टी.एल. देवांगन, पेमिन साहू, पुष्पा सुधाकर, त्रिवेणी गांवरे, लीला सुधाकर, सुषमा कौशिक, अनुसुईया सिन्हा एवं चोवाराम नेताम को सदस्य बनाया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रशेखर उर्वशा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण, विद्यार्थियों की सुरक्षा, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता तथा आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करेगी। उन्होंने अभिभावकों से भी विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। बैठक में खोमिन साहू, संजय साहू, लिकेश्वरी भंडारी सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों ने सहभागिता निभाई और विद्यालय के विकास के लिए अपने सुझाव भी दिए।

## महतारी वंदन योजना की महिलाओं को वितरित किए गए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत गुरेदा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत महतारी वंदन योजना से जुड़ी महिलाओं को पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक परिवार को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना तथा मातृत्व और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देना रहा।

■ एक पेड़ मां के नाम अभियान की पहल

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच महेंद्र साहू, सचिव अश्वनी साहू, उपसरपंच रोमन लाल निषाद सहित समस्त पंचगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, सक्रिय महिला सदस्य तथा बड़ी संख्या में महतारी वंदन योजना की महिलाएं शामिल हुईं। जनप्रतिनिधियों ने महिलाओं से अपील की कि वे अपनी माताओं के सम्मान में लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया और सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया।

### बच्चों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**धमतरी।** देश के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को मंत्रिमंडल से हटाने एवं नीट पेपर लीक कांड के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर विद्याकुंज स्कूल के बच्चों ने ज्ञापन सौंपने से पहले 50 विद्यार्थियों के हस्ताक्षर अभियान चलाकर समर्थन जुटाया, जिसके बाद 23 जुलाई को धमतरी कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बच्चों का कहना है कि वे विद्याकुंज स्कूल, ग्राम लोहरसी, जिला धमतरी के कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## शिक्षक रविचंद सिन्हा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को मिल रहा गायन-वादन का प्रशिक्षण

# पूर्व माध्यमिक शाला में संगीत शिक्षा से निखर रही बच्चों की प्रतिभा

हरिभूम न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंडी में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले साप्ताहिक गतिविधि एवं कला शिक्षा दिवस के अंतर्गत संगीत शिक्षा का प्रभावी संचालन किया जा रहा है।

इस पहल से विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच मिल रहा है और उनमें कला के प्रति विशेष रुचि विकसित हो रही है। विद्यालय के शिक्षक रविचंद सिन्हा बच्चों को गायन, वादन, भजन, देशभक्ति गीत, समूहगान तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का नियमित प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थी सुर, ताल और लय का अभ्यास कर संगीत की बारीकियां सीख रहे हैं। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ रहा है तथा मंच पर प्रभावी प्रस्तुति देने की क्षमता का विकास हो रहा है। विद्यालय में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पर्व, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रार्थना सभा एवं अन्य शैक्षणिक आयोजनों के लिए भी विद्यार्थियों को विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। संगीत प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, रचनात्मक सोच और सांस्कृतिक मूल्यों का भी विकास हो रहा है। प्रधान पाठक श्रीमती माहेश्वरी खरे ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ कला एवं संस्कृति आधारित शिक्षा को भी समान महत्व दिया जा रहा है। संगीत शिक्षा बच्चों के मानसिक, भावनात्मक और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए विद्यालय में इसे नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है।



अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने शिक्षक रविचंद सिन्हा के इस नवाचारी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को नई पहचान मिल रही है। विद्यालय के विद्यार्थी अब पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालय परिवार का यह प्रयास अन्य शालाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर

रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि- स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411